अपना बनाये रखना

अपना बनाया है तो अपना बनाये रखना,
हुई गलतियां जो मुझसे उनको भुलाये रखना,
अपना बनाया है तो......

तेरा प्यार जो मिला है अब ना कोई गिला है,
इस दिल में अपनी सूरत प्यारे बसाये रखना,
अपना बनाया है तो......

मेरी ज़िन्दगी है तुमसे कभी रूठना ना हमसे,
कभी रूठना ना हमसे मेरी ज़िन्दगी है तुमसे,
है पागलों की चाहत चाहत बनाये रखना,
अपना बनाया है तो......

मेरी आखिरी तमन्ना ओ सांवरे बिहारी,
चरणों की सेवा मांगू इनमे लगाए रखना,
अपना बनाया है तो.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29953/title/apna-banaye-rakhna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |